आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 09.11.2026 समय : 1905

- कैंसर मरीजों के लिए सरकार ने एक सौ सैंतीस दवाओं की कीमतों में आज से भारी कटौती लागू की।
- पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले, प्रधानमंत्री ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां गिनाईं।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव में स्टॉल लगाने के लिए 25 नवंबर तक खाद्य विक्रेता और स्वयं सहायता समूह कर सकेंगे आवेदन।
- राँची बस्ती में बिरसा मुंडा रोलिंग कप हॉकी नॉकआउट टूर्नामेंट का समापन हुआ।

<><><><><><><>

कैंसर के उपचार की एक सौ सैंतीस दवाओं की घटी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इससे पहले राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण– एन पी पी ए ने इन दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य–एम आर पी पर मुनाफा की सीमा तय की थी। यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। अब तक छिहत्तर दवा कंपनियों ने कैंसर रोधी दवाओं के एक हजार दो सौ पच्चीस फॉर्मूलेशन के संशोधित एम आर पी घोषित की है। इनमें से एक हजार इकतीस फॉर्मूलेशन की कीमतों में कमी दर्ज की गई है। छ सौ ब्रांड की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती हुई है। सबसे अधिक कटौती छियानवे दशमलव पैंतालीस प्रतिशत दर्ज की गई है। इन दवाओं की कीमतों में कमी से उपभोक्ताओं को सालाना लगभग तीन हजार पांच सौ दो करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली जरूरी दवाओं को किफायती और आसानी से उपलब्ध कराने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। श्री मोदी ने कल छत्तीसगढ़ के बस्तर में जवानों के साथ दीवाली मनाई और उन्हें संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में भारत के कल्याणकारी ढांचे की तुलना दीवाली की रंगोली से की, जिसमें छोटी–छोटी विभिन्न रेखाएं मिलकर एक भव्य चित्र बनाती हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि जन धन बैंकिंग, पी एम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर, बिना गारंटी वाले मुद्रा लोन, स्ट्रीट वेंडर्स के लिए स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सेवा, मुफ्त मासिक राशन, बच्चों की शिक्षा नीतियां, स्वच्छ भारत और 'हर घर जल' जैसी योजनाओं ने मिलकर लोगों को मुफ्त दवा, मुफ्त शिक्षा और मुफ्त रसोई गैस उपलब्ध कराई है। इससे परिवारों की बुनियादी चिंताएं दूर हुई हैं, ताकि जो परिवार पीढ़ियों से गरीबी के जाल में फंसे थे, उन्हें अब बेहतर भविष्य मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन गरीब परिवारों का पूरा जीवन केवल चिंताओं में बीत जाता था, उन्हें अब सरकार का भरोसा मिला है और उनमें नया आत्मविश्वास जागा है।

बाइट– प्रधानमंत्री– 29 से.

<><><><><><><>

देशभर में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद और गरीब लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के साथ उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम उन्नीस सौ सतासी को वर्ष उन्नीस सौ पंचानबे में लागू किया गया था। इस अवसर पर देशभर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों की ओर से जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता, लोक अदालतों और विवादों के समाधान के अन्य तरीकों की जानकारी दी जा रही है। निःशुल्क कानूनी सहायता और लोक अदालतों के माध्यम से आम लोगों को कम समय और कम खर्च में न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से चौंतीस करोड़ से अधिक मामलों का निपटारा किया जा चुका है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से 27 से 31 दिसंबर तक प्रदर्शनी मैदान में द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान खाद्य स्टॉल, सामान्य स्टॉल, कियोस्क और खुले स्थानों पर स्टॉल लगाने के लिए इच्छुक होटल एवं रेस्तरां मालिकों, निजी फर्मों, खाद्य विक्रेताओं तथा स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशालय के अनुसार, स्टॉलों का आवंटन निर्धारित समिति द्वारा लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा। इच्छुक आवेदकों को आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज, निर्धारित शुल्क और आवश्यक घोषणाएं जमा करनी होंगी। आवेदन पत्र 11 नवंबर से विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। भरे हुए आवेदन 25 नवंबर तक पर्यटन निदेशालय में जमा किए जा सकेंगे। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। स्टॉलों का आवंटन 1 दिसंबर को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मैकरूज ने राजधानी श्री विजयपुरम–बाराटांग–स्वराज द्वीप समुद्री सेवा की 5 नवंबर को सॉफ्ट लॉन्चिंग की। इस नई सेवा के जरिए पर्यटक बाराटांग के मैंग्रोव जंगलों और चूना पत्थर की गुफाओं की सैर करने के बाद उसी दिन स्वराज द्वीप पहुँच सकेंगे। यात्रा सुबह पौने छह बजे राजधानी श्री विजयपुरम् से शुरू होकर दोपहर डेढ़ बजे तक स्वराज द्वीप पहुँचेगी।

<><><><><><><>

डेयरी फार्म स्थित राँची बस्ती के विवेकानंद नगरपालिका विद्यालय मैदान में आयोजित बिरसा मुंडा रोलिंग कप हॉकी नॉकआउट टूर्नामेंट का समापन हुआ। टूर्नामेंट में ए एन टी सी सी की अभियान समिति के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने लड़कों और लड़कियों के वर्ग में विजेता तथा उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के खेल भावना, मेहनत, लगन और शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। श्री भास्कर ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए राँची एसोसिएशन की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम में राँची एसोसिएशन के अध्यक्ष फेबियानुस टोप्पो सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

<><><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से सत्तरवीं एस जी एफ आई राष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। श्री विजयपुरम में ग्यारह से बीस दिसम्बर तक आयोजित होने वाले इस चैम्पियनशिप में उन्नीस वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के भाग ले सकते हैं। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। इसके लिए सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों के अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा खेल प्रेमियों से फुटबॉल, अन्य प्रमुख खेलों और द्वीपों की खेल गतिविधियों पर एक सौ शब्दों से कम के लेख आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपने लेख बीस नवंबर तक sportsectionpb@gmail.com पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9434–263–798 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा सुपर स्पेशियलिटी इस वर्ष 11 और 12 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने जारी अधिसूचना में बताया कि परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित माध्यम से होगी। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

<><><><><><><><>